प्रिय मित्रो,

सर्वप्रथम मैं दीपावली के शुभ व आनंदपूर्ण अवसर पर आपको व आपके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और कामना करता हूं कि प्रकाश का यह त्योहार आपके जीवन में सुख व समृद्धि का संचार करे । मुझे आशा है कि इफको परिवार के हम सभी सदस्य अपने कौशल में निखार लाते रहेंगे ताकि हमारी संस्था इफको अपने व्यवसाय जगत में उद्दीप्त सितारे की तरह सदैव जगमगाती रहे ।

मित्रो, अगर हमने उत्पादक संस्था होने के नाते सुरक्षा के विषय को हल्के में लिया तो हमारा यह सपना धूमिल हो जाएगा । मानव जीवन, आधारभूत ढांचा व पर्यावरण सुरक्षा हमारे लिए सर्वाधिक महत्व रखती है । हमारा एक गलत कदम हमारे उज्ज्वल सुरक्षा रिकार्ड पर निश्चित रूप से एक धब्बा हो सकता है । मैं आप सभी से कहना चाहूंगा कि सुरक्षा के मामले में कोई समझौता न करें और निजी सुरक्षा व अपने सहकर्मियों की सुरक्षा के प्रति सदैव सावधान व सक्रिय रहें ।

मित्रो, संगठित होकर कार्य करना ही हमारी ताकत है और सहकारी संस्था होने के नाते हमें इस बात को सदैव ध्यान में रखना होगा । अतः संयंत्रों व अन्य जगहों पर सुरक्षा का उच्च स्तर बनाए रखने का सही तरीका यह है कि हम एक दूसरे की सुरक्षा के लिए सामूहिक रूप से जिम्मेदारी लें और सुरक्षा के मामले में कहीं कोई चूक नज़र आए तो उसे संबंधित व्यक्तियों की जानकारी में लाएं ।

सामूहिक कार्यप्रणाली का सबसे अच्छा उदाहरण हमारे पारादीप संयंत्र के साथियों ने मां प्रकृति के रोष का बहादुरी व व्यावसायिक ढंग से सामूहिक एवं सहकारी भावना के साथ सामना करके प्रस्तुत किया है । मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि तबाही के इस मंजर में किसी को जान नहीं गंवानी पड़ी । उनके प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं और यह हम सभी के लिए बड़ी सीख है ।

गत वर्षों की तरह ही इफको के कार्य को अनेक राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया गया है । तथापि, मैं यह चाहूंगा कि प्रत्येक सम्मान हमारे लिए और अच्छे परिणाम प्राप्त करने हेतु प्रेरणास्रोत होना चाहिए ।

मैं पुनः कामना करता हूं कि दीपावली का यह त्योहार आपके लिए अपार खुशियां व समृद्धि लेकर आए । मैं, परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि वह आपको व आपके परिवारजनों को सुख-समृद्धि व अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करे ।

शुभ दीपावली,

**(डॉ0 उदय शंकर अवस्थी)**
प्रबंध निदेशक

1 नवम्बर, 2013
नई दिल्ली